निवेश धोखाधड़ी चेकलिस्ट

एक स्मार्ट निवेशक होने से आपको निवेश धोखाधड़ी के चेतावनी संकेतों को पहचानने और बेहतर निवेश निर्णय लेने में मदद मिलेगी। **आपके निवेश करने से पहले, प्रश्न पूछें।**

प्रश्न	हां	नहीं
1. क्या आपको गारंटिड रिटर्न का वादा किया गया था? रिटर्न की गारंटी देने वाले निवेशों के प्रति शंकालु रहें। जब आप कोई निवेश खरीदते हैं, तो इस बात की कोई गारंटी नहीं होती है कि आप पैसा कमाएंगे, और आम तौर पर, जैसे-जैसे रिटर्न बढ़ता है, वैसे ही आपके पैसे खोने का जोखिम भी बढ़ता है।		
2. क्या आपको बताया गया था कि निवेश कम जोखिम वाला या जोखिम रहित है? कोई निवेश जोखिम रहित नहीं होते है। जोखिम और रिटर्न संबंधित हैं। कम जोखिम वाले निवेश कम रिटर्न भी देते हैं। इस बात की कोई गारंटी नहीं है कि अधिक जोखिम स्वीकार करने पर आपको वास्तव में अधिक रिटर्न मिलेगा।		
3. क्या आपने जल्दी निवेश करने का दबाव महसूस किया? स्कैमर आपका पैसा प्राप्त करने और फिर और शिकारों तक आगे बढ़ने के लिए अक्सर उच्च दबाव वाली बिक्री रणनीतियों का उपयोग करते हैं। यदि आपको तुरंत निर्णय लेने के लिए कहा जाता है या सीमित समय का प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाता है, तो यह संभवतः एक अच्छा विकल्प नहीं है।		
4. क्या आपको अंदरूनी जानकारी या “हॉट टिप” की पेशकश की गई थी? “हॉट टिप्स” या “अंदरूनी जानकारी” के स्रोत आपके सर्वोत्तम हितों को ध्यान में नहीं रखते हैं। यदि टिप गलत है, तो आप उस पर कार्रवाई करने पर अपना पैसा खो देंगे। यदि यह वास्तव में किसी सार्वजनिक कंपनी के बारे में अंदरूनी जानकारी है, तो इनसाइडर ट्रेडिंग कानूनों के तहत उस पर कार्रवाई करना ग़ैरक़ानूनी होगा।		
5. क्या आपने विक्रेता की पंजीकरण जानकारी और अनुशासन रिकॉर्ड की जांच की? हमेशा यह जांचने के लिए समय निकालें कि आप जिस व्यक्ति या व्यवसाय के साथ काम कर रहे हैं, वह आपके प्रांत या क्षेत्र में सिक्योरिटीज़ रेगुलेटर के साथ पंजीकृत है। पंजीकरण आपको अयोग्य या कपटपूर्ण निवेश पेशेवरों से बचाने में भी मदद करता है। CheckBeforeYouInvest.ca पर जाएं या ओंटैरियो सिक्योरिटीज़ कमीशन (OSC) के संपर्क केंद्र को 1-877-785-1555 पर कॉल करें।		

प्रश्न	हां	नहीं
6. क्या आप किसी विश्वसनीय स्त्रोत से निवेश की पुष्टि कर सकते हैं? यदि आपको निवेश का कोई अवांछित अवसर मिलता है, तो किसी योग्य व्यक्ति, जैसे वकील, एकाउंटेंट या पंजीकृत वित्तीय प्रतिनिधि से दूसरी राय प्राप्त करें। पंजीकरण की जांच करने के लिए CheckBeforeYouInvest.ca पर जाएं।		
7. क्या आप समझते हैं कि निवेश कैसे काम करता है? जब तक आप यह नहीं समझते कि निवेश कैसे काम करता है, तब तक कभी भी निवेश न करें। निवेश को खरीदने, रखने और बेचने की फीसें क्या हैं? टैक्स संबंधी विचार करने वाली बातें क्या हैं? सुनिश्चित करें कि निवेश आपके वित्तीय लक्ष्यों और आपके अन्य निवेशों के साथ फिट बैठता है। यदि आपके पास एक वित्तीय योजना है, तो आप अपनी योजना और वित्तीय लक्ष्यों के संबंध में कोई भी नए अवसरों का मूल्यांकन कर सकते हैं।		

GetSmarterAboutMoney.ca पर और जानें

Ontario Securities Commission
20 Queen St. W., 22nd Floor, Toronto, Ontario M5H 3S8
Tel: 1-877-785-1555 **Email:** inquiries@osc.gov.on.ca

OSC ONTARIO SECURITIES COMMISSION | Get Smarter About Money.ca | Ontario